# School of Information Technology

**RAJIV GANDHI PROUDYOGIKI VISWAVIDYALAYA**

(University of Technology of Madhya Pradesh)
Airport Road, Gandhi Nagar, Bhopal – 462033
Telephone No.- 0755-2678844 email: soit@rgpv.ac.in


SOIT-UTD/RGPV/2025/ Date: - 01/09/2025

**बी.टेक./एम.टेक. प्रथम वर्ष पाठ्यक्रम हेतु संस्था स्तर की काउंसलिंग दिनांक 02/09/2025 संस्था स्तर की काउंसलिंग हेतु रिक्तियों की संख्या (दिनॉक 01/09/2025 की स्थिति में)**

| S.No. | Course(Branch) | Vacancy (Categorywise) | Total Vacancy |
|---|---|---|---|
| 01 | B.Tech.( CSE-AI&ML) | STXOP-01,STDF-01 | 02 |
| 02 | B.Tech. (CSE-DS) | URDOP-01, STXOP-01 | 02 |
| 03 | M.Tech. (Data Science) | SCXOP-02, STXF-01, STXOP-01, EWS-02 | 06 |

1. यदि आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी उपस्थित नहीं होते हैं तो रिक्त सीटों को नियमानुसार अन्य श्रेणी/वर्गों में परिवर्तित किया जायेगा।
2. उपरोक्त रिक्तियां प्रवेशित छात्रों के प्रवेश निरस्त कराने की स्थिति में बढ़ सकती हैं, जिसकी जानकारी वेबसाईट www.dte.mponline.gov.in पर उपलब्ध रहेगी।
3. यह काउंसलिंग संचालनालय तकनीकी शिक्षा द्वारा इस हेतु जारी किए गये दिशा–निर्देशों एवं नियमों के अनुसार आयोजित की जायेगी। इस हेतु अभ्यर्थियों को वेबसाईट www.dte.mponline.gov.in पर दिये निर्देशानुसार प्रत्येक पाठ्यक्रम हेतु पृथक–पृथक रूप से एमपी ऑनलाइन में रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य होगा, तत्पश्चात् दिनांक 02/09/2025 को संस्था स्तर की काउंसलिंग हेतु इस संस्था (स्कूल ऑफ आई.टी., आरजीपीवी) विभाग में प्रातः 10:30 बजे से अपरान्ह 1:00 बजे के मध्य उपस्थिति दर्ज करवाना होगा।
4. रिक्तियों की जानकारी वेबसाइट www.dte.mponline.gov.in एवं www.rgpv.ac पर उपलब्ध रहेगी।
5. रिक्तियों की संख्या काउंसलिंग के समय पूर्व में प्रवेशित छात्रों द्वारा प्रवेश निरस्त कराने की स्थिति में बढ़ भी सकती है एवं ऐसी ब्रांच जिनमें रिक्तियां नहीं हैं में भी रिक्तियां उत्पन्न हो सकती हैं। केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को प्रवेश का अवसर दिया जायेगा, जो कि उपरोक्तानुसार समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवायेंगे। तत्पश्चात् अगर कोई अन्य सीट रिक्त होती है तो उसे जैसे ही, वह रिक्त सीट होती है काउंसलिंग में शामिल कर लिया जायेगा। प्रवेश निरस्तीकरण हेतु संचनालय तकनीकी शिक्षा द्वारा जारी दिशा–निर्देश प्रभावी रहेंगे।
6. काउंसलिंग हेतु संस्था एस.ओ.आई.टी., आरजीपीवी के प्रथम तल में समस्त मूल प्रमाणपत्र यथा–संस्था स्तर की काउंसलिंग की पंजीयन पावती, दसवीं बारहवीं की अंकसूची, मूल निवासी प्रमाण पत्र/अभिभावक का घोषणा पत्र, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रति, जाति प्रणाम पत्र एवं आय प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)। श्रेणी का प्रमाण पत्र एवं सभी मूल प्रमाण पत्रों की

एक–एक छायाप्रतियों एवं दो फोटोग्राफ एवं सीानान्तरण प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र की मूल प्रति के साथ स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

7. प्रवेश होने की स्थिति में प्रथम सेमेस्टर की समस्त शुल्क निम्नांकित तालिका के अनुसार देय होगी–

| **पाठ्यक्रम** | **श्रेणी** | **देय शुल्क (रू.)** |
|---|---|---|
| बी.टेक. | सामान्य / ई.डब्ल्यू.एस. / आरक्षित श्रेणी जिन्हें शुल्क में छूट की पात्रता नहीं हैं | 21620 / –. + 4800 / – |
| | आरक्षित श्रेणी जिन्हें शुल्क में छूट की पात्रता है। | 500 / – + 4800 / – |

8. यह शुल्क ऑनलाइन पेमेन्ट के माध्यम से जमा किया जायेगा । अतः अभ्यर्थी के पास ऑनलाइन पेमेन्ट जमा करने की व्यवस्था वांछनीय है।
9. उपलब्ध निक्तियों पर प्रवेश शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार किया जायेगा। बगैर मूल प्रमाण–पत्रों एवं अभ्यर्थी के उपस्थिति के बिना काउंसलिंग में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जायेगी। प्रवेश निरस्त कराने की स्थिति में संचालनालय तकनीकी शिक्षा द्वारा प्रवेश निरस्ती के संबंध में जारी किये गये नियमों के अनुसार जमा की गई शुल्क वापसी योग्य होगी।